कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 11.07.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में छात्रायें सीखेंगी नृत्य, योगा और फैशन डिजाईन

शहर के शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र से विभिन्न वैल्यु एडेड कोर्स प्रारंभ किये जा रहे है। इन पाठ्यक्रमों की शुरूआत इसलिए की जा रही है ताकि छात्राओं को अपने नियमित विषयों के साथ अतिरिक्त ज्ञान प्राप्त हो सके जो उन्हें, नौकरी, प्रतियोगी परीक्षाओं अथवा स्वरोजगार के क्षेत्रों में काम आए।

इन सभी कोर्स की अवधि 30 घंटे है जो अधिकतम 15–20 दिन में पूर्ण किए जावेंगे। इनमें महाविद्यालय के विभिन्न विभाग इन पाठ्यक्रमों का संचालन करेंगे।

नृत्य विभाग द्वारा – नृत्यांजली के अन्तर्गत भरतनाट्यम तथा नृत्य के मूल सिद्धान्तों पर पाठ्यक्रम बनाया गया है। इसी तरह क्रीड़ा विभाग द्वारा दो कोर्स का संचालन किया जा रहे है ये है – योगा फॉर वुमेन हेल्थ तथा आत्मरक्षा जूडो कराते के द्वारा। गृह विज्ञान विभाग द्वारा कौशल विकास से संबंधित तथा कम्प्यूटर साईंस विभाग द्वारा एक्सेल और बेसिक कम्प्यूटर नॉलेज पर कोर्स संचालित किया जावेगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि पूर्व सत्र में ऑनलाईन कुछ कोर्स संचालित किए गए थे जिसका अच्छा प्रतिसाद मिला था।

इन पाठ्क्रमों में छात्राओं को परीक्षा दिलानी होगी। लिखित एवं प्रायोगिक दोनों माध्यमों से मूल्यांकन उपरांत प्रमाण–पत्र दिए जावेंगे।

इन सभी पाठ्यक्रमों में अध्यापन कार्य हेतु बाह्य विषय–विशेषज्ञों का सहयोग भी लिया जावेगा जो उस क्षेत्र में महारत रखते हैं और उसका लाभ छात्राओं को मिलेगा। इन सभी पाठ्यक्रमों में 40 सीटें रखी गयी है तथा कई बैच में ये पाठ्यक्रम संचालित होंगे। अभी इन पाठ्यक्रमों में केवल महाविद्यालय की नियमित छात्राएँ ही शामिल होंगी। भविष्य में कुछ अन्य विषयों पर भी वैल्यु एडेड कोर्स प्रारंभ किये जावेंगे।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

गर्ल्स कॉलेज में

गर्ल्स कॉलेज में छात्रायें सीखेंगी नृत्य, योगा और फैशन डिजाईन